कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री राजेन्द्रसिंह पुत्र शोभगसिंह म0नं0 245 आमागढ वैदपुरी सेनी स्टोन के पीछे दिल्ली बाईपास शीतला माता मंदिर के सामने ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर महानगर राजस्थान।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार) बसवा, जिला दौसा

अपील सं0 01/2020

दिनांक : 19.02.2020

निर्णय

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार) बसवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट दौसा मे पेश की गई है। यह अपील उपखण्ड अधिकारी दौसा के क्षेत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार मे नहीं होने के कारण पत्रांक 207 दिनांक 13.01.2020 द्वारा इस कार्यालय सूचना के अधिकार के तहत इस कार्यालय को भिजवाई गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार) बसवा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा से संबंधित है। किंतु आवेदक को वांछित सूचना प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/177 दिनांक 27.01.2020 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा